# चैप्टर 2: राष्ट्रीय आय का लेखांकन

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. करों में वृद्धि के कारण वस्तुओं की कीमत में वृद्धि को NNPmp के अनुमान में उपयुक्त समझा जाता है, क्योंकि:

a) कर अनिवार्य भुगतान है

b) कर हस्तांतरण भुगतान है

c) कर परिवारों को आय में से दिया जाता है।

d) करों के कारण वस्तुओं की बाजार कीमतों में वृद्धि होती है जिन्हे अन्यथा कम कीमत पर बेचा जाएगा।

2. निम्न में से कौन सा कथन सही है?

a) वैयक्तिक प्रयोज्य आय का प्रयोग परिवारों द्वारा अपनी इच्छानुसार नहीं किया जा सकता है

b) वैयक्तिक प्रयोज्य आय का प्रयोग परिवारों द्वारा अपनी इच्छानुसार किया जा सकता है

c) वैयक्तिक प्रयोज्य आय में शुल्क तथा जुर्माने सम्मिलित होते है जिनका भुगतान अभी किया जाना है।

d) वैयक्तिक प्रयोज्य आय में प्रत्यक्ष कर सम्मिलित होते है।

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

3. सरकारी क्षेत्र को शुद्ध घरेलू उत्पाद से प्राप्त कारक आय बराबर है:

a) विभागीय उद्यमों को जाने वाली संपत्ति तथा उद्यमवृत्ति से प्राप्त सरकारी आय

b) गैर विभागीय उद्यमों की बचतें

c) दोनो a तथा b

d)इनमें से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से कौन GDP को कल्याण का एक अनुपयुक्त सूचकांक बनाता है?

a) गैर मौद्रिक लेन देन

b) बाह्यातायें

c) GDP का वितरण तथा रचना

d) उपर्युक्त सभी

5. बाह्याताओं का प्रभाव:

a) धनात्मक होता है

b) ऋणात्मक होता है

c) धनात्मक भी हो सकता है और ऋणात्मक भी

d) न तो धनात्मक होता है और न ही ऋणात्मक

6. वास्तविक राष्ट्रीय आय से अभिप्राय है –

a) चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय से

b) कारक कीमतों पर राष्ट्रीय आय से

c) स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय से

d) पिछले 10 वर्षों की औसतन कीमतों pr राष्ट्रीय आय से

7. GNP अवस्फीतिक = ............× 100

a) वास्तविक राष्ट्रीय आय/ मौद्रिक राष्ट्रीय आय

b) मौद्रिक राष्ट्रीय आय/ वास्तविक राष्ट्रीय आय

c) वास्तविक राष्ट्रीय आय/ जनसंख्या

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

d) इनमे से कोई नहीं

8. एक लेखावर्ष के दौरान किसी देश की घरेलू सीमा में उत्पादन अंतिम वस्तुओं और सेवाओं (जिसमें मूल्यह्रास भी शामिल होता है), के बाजार मूल्य को कहा जाता है:

a) बाजार कीमत पर GDP

b) बाजार कीमत पर GNP

c) कारक लागत पर GDP

d) कारक लागत पर GNP

9. शुद्ध अप्रत्यक्ष कर अनुमानित किया जाता है:

a) अप्रत्यक्ष कर + आर्थिक सहायता

b) आर्थिक सहायता – अप्रत्यक्ष कर

c) अप्रत्यक्ष कर – आर्थिक सहायता

d) दोनों b तथा c

10. घरेलू उत्पाद बराबर है:

a) राष्ट्रीय उत्पाद + विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

b) राष्ट्रीय उत्पाद - विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

c) राष्ट्रीय उत्पाद ÷ विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

d) राष्ट्रीय उत्पाद × विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

11. राष्ट्रीय आय से अभिप्राय है:

a) केवल कारक आय

b) देश के केवल सामान्य निवासियों की आय से

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

c) घरेलू आय तथा विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय के कुल जोड़ से

d) उपर्युक्त सभी

12. राष्ट्रीय आय (NNPfc) बराबर है:

a) GNPfc + मूल्यह्रास

b) GNPfc - मूल्यह्रास

c) NNPmp – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

d) दोनों b तथा c

13. वैयक्तिक आय=

a) निजी आय+ निगम लाभ कर – अवितरित लाभ

b) निजी आय - निगम लाभ कर + अवितरित लाभ

c) निजी आय + निगम लाभ कर + अवितरित लाभ

d) निजी आय - निगम लाभ कर – अवितरित लाभ

14. वैयक्तिक प्रायोज्य आय=

a) वैयक्तिक आय + सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा विभिन्न प्राप्तियां

b) वैयक्तिक आय + प्रत्यक्ष वैयक्तिक कर – सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा विभिन्न प्राप्तियां

c) वैयक्तिक आय - प्रत्यक्ष वैयक्तिक कर - सरकारी प्रशासनिक विभागों द्वारा विभिन्न प्राप्तियां

d) निजी आय + प्रत्यक्ष कर

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

15. बाजार कीमत तथा कारक लागत की अवधारणाओ में अंतर का आधार है:

a) प्रत्यक्ष कर

b) अप्रत्यक्ष कर

c) आर्थिक सहायता

d) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

16. निम्न में से किसके कारण कारक लागत प्राप्त होती है?

a) बाजार कीमत – अप्रत्यक्ष कर

b) बाजार कीमत + अप्रत्यक्ष कर

c) बाजार कीमत – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

d) बाजार कीमत + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

17. एक पीड़ित को दी गई वित्तीय सहायता है:

a) हस्तांतरण भुगतान

b) कारक आय

c) विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

d) इनमे से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

18. राष्ट्रीय आय तथा घरेलू आय का अंतर होता है:

a) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

b) विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

c) स्थिर पूंजी का उपभोग

d) दोनो a तथा b

19. बाजार कीमत पर GNP मापा जाता है:

a) बाजार कीमत पर GDP – मूल्यह्रास

b) बाजार कीमत पर GDP+ विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

c) बाजार कीमत पर GNP+ आर्थिक सहायता

d) कारक लागत पर NDP +विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

20. निम्न में से कौन सा सही नही है?

a) बाजार कीमत पर GDP= बाजार कीमत पर GNP+ मुल्यह्रास

b) बाजार कीमत पर NDP= बाजार कीमत पर NNP – विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

c) कारक लागत पर NDP= बाजार कीमत पर NDP – अप्रत्यक्ष कर + आर्थिक सहायता

d) कारक लागत पर GDP= कारक लागत पर NDP+ मूल्यह्रास

21. इनमें से किसमें मूल्यह्रास शामिल होता है?

a) बाजार कीमत पर GNP

b) बाजार कीमत पर NNP

c) कारक लागत पर NNP

d) इनमे से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

22. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के सामान्य निवासी का उदाहरण है?

a) भारत में स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन में काम करने वाले विदेशी मजदूर

b) भारत में स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यालय में काम करने वाले जर्मन निदेशक

c) भारत में शेष विश्व का राजदूत

d) शेष विश्व में भारत का राजदूत

23. राष्ट्रीय आय में शामिल है:

a) वृद्धा पेंशन

b) भारत में अनिवासी भारतीय द्वारा अपने परिवार को भेजी गई राशि

c) शेष विश्व से हस्तांतरण भुगतान

d) इनमे से कोई नहीं

24. निम्न में से कौन सा सही है?

a) राष्ट्रीय आय = कारक लागत पर NDP + विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय

b) कारक लागत पर GNP= बाजार कीमत पर GNP + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

c) वैयक्तिक आय= निजी आय – निगम कर – निगम बचत

d) प्रायोज्य आय= परिवार क्षेत्र की बचत – परिवार क्षेत्र का उपभोग

25. राष्ट्रीय आय का अर्थ है:

a) देश के कुल उत्पाद का मूल्य

b) देश के कुल निर्यात का मूल्य

c) देश के कुल आयत का मूल्य

d) देश को सरकार की कुल आय

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

26. भारत में राष्ट्रीय आय को मापने की किस विधि का प्रयोग किया जाता है?

a) उत्पादन संगणना प्रणाली

b) आय संगणना प्रणाली

c) व्यय संगणना प्रणाली

d) उत्पादन और आय संगणना प्रणाली

27. राष्ट्रीय आय की गणना के लिए मुख्य: प्रचलित विधियां हैं:

a) एक

b) दो

c) तीन

d) चार

28. राष्ट्रीय आय को मापा जाता है:

a) देश के कुल उत्पाद द्वारा

b) देश के कुल उपभोग द्वारा

c) देश के कुल विनियोग द्वारा

d) देश के कुल करक आय के द्वारा

29. भारत में प्रति व्यक्ति आय का अनुमान सर्वप्रथम किसने लगाया?

a) गोपाल कृष्ण गोखले

b) दादा भाई नौरोजी

c) महात्मा गांधी

d) स्वामी विवेकानंद

30. साधन लागत पर राष्ट्रीय आय को ज्ञात करने के लिए NNPmp में से क्या घटाते है?

a) ह्रसित व्यय

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

b) प्रत्यक्ष कर

c) अनुदान

d) अप्रत्यक्ष कर

31. राष्ट्रीय आय की गणना विधि है:

a) उत्पादन विधि

b) आय विधि

c) व्यय विधि

d) उपरोक्त सभी

32. राष्ट्रीय आय बराबर होता है:

a) सकल घरेलू उत्पाद के

b) शुद्ध घरेलू उत्पाद के

c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के

d) सकल राष्ट्रीय उत्पाद के

33. प्रचालन अधिशेष = ______

a) लगान + लाभ + ब्याज

b) लगान+ ब्याज + कर्मचारियों की मिश्रित आय

c) राष्ट्रीय आय

d) इनमे से कोई नहीं

34. निम्नलिखित में से किसे माल सूची निवेश में शामिल नहीं किया जाता है?

a) निर्मित वस्तुओं के स्टॉक में परिवर्तन को

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

b) अर्द्ध निर्मित वस्तुओं के स्टॉक में परिवर्तन को

c) कच्चे माल ले स्टॉक में परिवर्तन को

d) वर्ष के दौरान बिक्री में परिवर्तन को

35. निम्नलिखित में से कौन सा अंतिम व्यय का एक भाग नही है?

a) सरकार द्वारा खरीदी गई उपभोक्ता वस्तुएं

b) शेष विश्व को निर्यात की गई उपभोक्ता वस्तुएं

c) किसानों द्वारा खरीदे गए बीज

d) सरकारी स्थिर निवेश आय

36. दोहरी गणना की समस्या से बचा जा सकता है:

a) अंतिम उत्पाद विधि का प्रयोग करके

b) मूल्य वृद्धि विधि का प्रयोग करके

c) दोनो a तथा b

d) न तो a और न ही b

37. निम्न में से कौन सा कर्मचारियों के पारिश्रमिक के आकलन में अप्रासंगिक है?

a) विद्यालय प्रधानाचार्य को प्रदान किया गया मुफ्त आवास

b) ऐसे विद्यार्थियों को मुफ्त दी गई शिक्षा जिनके माता पिता विद्यालय में काम करते है।

c) नकद मजदूरी तथा वेतन

d) वृद्धावस्था पेंशन

38. निम्नलिखित में से कौन सा हस्तांतरण भुगतान नहीं है?

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

a) राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज

b) सेवानिर्वर्ती पेंशन

c) वृद्धावस्था पेंशन

d) दान

39. सेवाओं के स्वलेखा उत्पादन को राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता, क्योंकि:

a) सेवाएं और वस्तुएं भिन्न होती है

b) सेवाएं उत्पादक नही होती है

c) ऐसी सेवाओं के बाजार मूल्य को मापनी कठिनाई आती है

d) इनमें से कोई नहीं

40. एक लेखा वर्ष के दौरान अंतिम स्टॉक तथा आरंभिक स्टॉक के अंतर को कहा जाता है:

a) स्टॉक में वृद्धि

b) स्टॉक में परिवर्तन

c) स्टॉक में कमी

d) इनमे से कोई नहीं

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

41. कर्मचारियों के पारिश्रमिक में शामिल होता है:

a) नकदी के रूप में मजदूरी और वेतन

b) किस्म के रूप में मजदूरी और वेतन

c) सेवानिवृत्ति पर पेंशन

d) उपरोक्त सभी

42. सकल घरेलू पूंजी निर्माण कुल जोड़ है:

a) स्थिर संपत्तियों पर व्यय का

b) सकल घरेलू स्थाई पूंजी निर्माण तथा स्टॉक में परिवर्तन का

c) शुद्ध घरेलू स्थाई पूंजी निर्माण, मालसूची निवेश तथा मुल्यह्रास का

d) दोनो b तथा c

43. मूल्य वृद्धि विधि देश की घरेलू सीमा के अंतर्गत निम्न में से किसके योगदान को मापती है?

a) उपभोक्ता परिवारों के

b) देश के निवासियों के स्वामित्व में उत्पादक उद्यमों के

c) देश के गैर निवासियों के स्वामित्व में उत्पादक उद्यमों के

d) दोनों b तथा c

44. आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित में से किस मद को शामिल नहीं किया जाता है?

a) किराया

b) मिश्रित आय

c) स्थिर निवेश

d) अवितरित लाभ

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

45. निम्नलिखित में किसको अंतिम उपभोग व्यय में शामिल नहीं किया जाता है?

a) भोजन पर परिवारों का व्यय

b) सरकारी अंतिम उपभोग व्यय

c) शिक्षा पर परिवारों का व्यय

d) कच्चे माल़ पर व्यय

46. दोहरी गणना के फलस्वरूप राष्ट्रीय आय का:

a) अत्यधिक अनुमान लग जाता है

b) अल्प अनुमान लग जाता है

c) सही अनुमान लग जाता है

d) पूरे वर्ष का अनुमान लग जाता है

47. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है, क्योंकि यह एक हस्तांतरण भुगतान है?

a) विदेशों में बसे आपके माता पिता द्वारा जन्मदिन के उपहार के रूप में भेजे गए चेक की प्राप्ति

b) अनिवासी भारतीयों द्वारा अर्जित मजदूरी को भारत में अपने माता पिता को भेजना

c) घरेलू उत्पादन पर उत्पादन मूल्य

d) उपरोक्त सभी

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

अर्थशास्त्र के सभी विषयों एवं कक्षाओं के नोट्स, प्रश्नोत्तर, सैंपल पेपर, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, विगत वर्षों के प्रश्नपत्र, अभ्यास प्रश्नपत्र (हिंदी या अंग्रेजी माध्यम) के PDF आपको www.theeconomicsguru.com पर मिल जायेंगे।

इसके साथ ही सभी हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए Free **LIVE CLASS** भी उपलब्ध है, हमारे **YOUTUBE CHANNEL "THE ECONOMICS GURU"** पर । अभी **subscribe** कर लीजिये और ज्यादा से ज्यादा **शेयर** कर दीजिये अपने दोस्तों के बीच।

किसी भी प्रकार की समस्या के लिए आप हमसे सम्पर्क कर सकते है, YOUTUBE के कमेंट बॉक्स में कमेन्ट करें या वेबसाइट के Email वाले Option में जाकर **Email** करे या WhatsApp कर सकते है Website में लिंक दिया गया है।

धन्यवाद

नकुल ढाली

The Economics Guru

लाभार्थी बोर्ड:

CBSE, UK Board, UP Board, Bihar Board, MP Board, CG Board, Rajasthan Board, Haryana Board

साथ ही **BA; B.COM; MA** के सभी SEMESTER लिए भी अध्ययन सामग्री उपलब्ध है।

अभी VISIT करें www.theeconomicsguru.com

**Subscribe** my **YOUTUBE** channel **THE ECONOMICS GURU**

**Follow me:**

**Facebook**- *Nakul Dhali*

**Instagram**- *@dhali*

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE